डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

Dr Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya (UP)

पत्रांकः लो0अ0वि0 / रा0से0यो0 / 2020 / दिनांकः 17.06.2020

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।

विषयः **राष्ट्रीय सेवा योजना में नामांकित छात्र–छात्राओं के ऑनलाइन सत्यापन के सम्बंध में ।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में आपको सूचित करना है कि उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2019–20 से राष्ट्रीय सेवा योजना में नामांकित छात्रों का ऑनलाइन पंजीकरण एवं सत्यापन की व्यवस्था विश्वविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र के माध्यम से प्रारम्भ की गई थी। यह संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालयों ने परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित करते समय छात्र / छात्रा के राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीकरण सम्बन्धी सत्यापन के तथ्य की उपेक्षा कर दी। परिणामतः बड़ी संख्या में छात्र / छात्राओं का रा0से0यो0 में पंजीकरण या तो छूट गया या अल्फानयुमरल कोड में अशुद्धि है । यह भी सूच्य है कि शासन के निर्देशों के क्रम में इस वर्ष से उन्ही छात्र / छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमाणपत्र दिया जाएगा जिनका ऑनलाइन पंजीकरण होगा।

उक्त वर्णित परिस्थितियों में महाविद्यालय लॉग–इन पर राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीकरण और अल्फानयुमरल कोड के सत्यापन / सुधार के लिए निम्नलिखित विधि के माध्यम से दिनांक 25.06.2020 तक अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है ।

सत्यापन / सुधार की विधि :–

1) महाविद्यालय लॉग–इन पर लेफ्ट मेनू में एक्जाम फॉर्म पर क्लिक करने से सबमेन्यु दिखेगी। सब मेन्यू में सबसे नीचे प्रदर्शित NSS डिटेल्स पर क्लिक करने से संबंधित विंडो खुलेगी ।
2) विंडो में फॉर्म न0, रोल न0, छात्र का नाम, पिता का नाम, NSS अल्फनयुमरल कोड की पांच प्रविष्टि प्रदर्शित होगी। छात्र / छात्रा का नाम पूरित करने पर पहले छात्र का नाम, पिता का नाम, कक्षा, कैटेगरी, अल्फनयुमरल कोड का अंतिम पांच अंकीय भाग तथा मकपज का विकल्प प्रदर्शित होगा। यह केवल उन छात्र / छात्राओं का प्रदर्शित होगा जिनका परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय द्वारा सत्यापित किया गया है। ऐसी दशा में यदि अल्फानयुमरल कोड में कोई सुधार वांछित हो या इसे पूरित करना हो तो एडिट ऑप्शन पर क्लिक कर किया जा सकता है ।
3) एडिट ऑप्शन पर क्लिक करने पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रदर्शित होगा जिसमें सबसे नीचे अल्फानयुमरल कोड का बोल्ड लेटर में नियत भाग एवं हल्के लेटर में वैरिएबल भाग प्रदर्शित होगा जिसमें वांछनीय सुधार किया जा सकता है ।
4) इसके बाद सबमिट कर दें। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना में छात्र / छात्रा के पंजीकरण का सत्यापन पूरा हो जाएगा।

किसी भी असुविधा, संशय या भ्रम की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर सकते हैं। आप से अनुरोध है कि उक्त की गम्भीरता को समझते हुए समयबद्ध रूप से निष्पादित कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें ।

धन्यवाद ।

भवदीय,

(डॉ0 समीर सिन्हा)
कार्यक्रम समन्वयक(NSS)

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव, कुलपति, कुलपति जी के सूचनार्थ।

(डॉ0 समीर सिन्हा)
कार्यक्रम समन्वयक(NSS)